दैनिक

बिज़नेस रेमेडीज

व्यापार एवं विकास की आवाज

विभिन्न उद्योगों के लिए स्टेनलेस स्टील उत्पाद निर्माण करने वाली प्रमुख कंपनी है 'रत्नावीर प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड'

4 सितंबर को खुलकर 6 सितंबर 2023 को बंद होगा कंपनी का आईपीओ

RATNAVEER™
transportation, kitchen appliances, chimney

बिजनेस रेमेडीज/जयपुर। गुजरात के वडोदरा आधारित कंपनी 'रत्नावीर प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड' विभिन्न उद्योगों के लिए स्टेनलेस स्टील उत्पाद निर्माण करती है। कंपनी द्वारा कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं एवं कारपोरेट आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु बीएसई और एनएसई मैनबोर्ड पर आईपीओ लाया जा रहा है। बिजनेस रेमेडीज की टीम ने कंपनी प्रबंधन से कंपनी की कारोबारी गतिविधियों के संबंध में जानकारी हासिल की।

यह करती है कंपनी: वर्ष 2002 में 'रत्नावीर प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड' का इनकॉरपोरेशन हुआ था। वर्तमान में कंपनी विभिन्न उद्योगों के लिए स्टेनलेस स्टील उत्पाद निर्माण कर रही है। रत्नावीर प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड स्टेनलेस स्टील फिनिश्ड शीट, वॉशर, सोलर रूफिंग हुक, पाइप और ट्यूब बनाती है।

कंपनी ऑटोमोटिव, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बिजली संयंत्र, तेल और गैस, फार्मास्यूटिकल्स, सेनेटरी एंड प्लंबिंग, उपकरण, इलेक्ट्रोमैकेनिक्स, वास्तुकला, भवन और निर्माण, विद्युत उपकरण, परिवहन, रसोई उपकरण, चिमनी लाइनर और अन्य उद्योगों के लिए स्टेनलेस स्टील आधारित उत्पाद बनाती है।

प्रवर्तकों का अनुभव

रमनलाल संघवी

45 वर्षीय विजय रमनलाल संघवी कंपनी के प्रवर्तक, प्रबंध निदेशक और सीएफओ हैं। वें कंपनी के गठन के समय से ही कंपनी के साथ जुड़े हुए हैं। उनके पास एमएस यूनिवर्सिटी, बड़ौदा से वाणिज्य में स्नातक की डिग्री है। उनके पास लौह और अलौह धातु उद्योगों में दो दशकों से अधिक का अनुभव है। वें कंपनी के संचालन में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। वें कंपनी में फाइनेंस और मार्केटिंग कार्यों के प्रभारी हैं और कंपनी के उत्पादन, अनुसंधान एवं विकास और संबंधित प्रबंधन का भी अवलोकन करते हैं।

रत्नावीर प्रिसिजन इंजीनियरिंग की 4 विनिर्माण इकाइयाँ हैं जिनमें से दो इकाइयाँ; यूनिट-1 और यूनिट-2 जीआईडीसी, सावली, वडोदरा, गुजरात में स्थित हैं, यूनिट-3 वाघोडिया, वडोदरा, गुजरात में स्थित है और यूनिट-4 जीआईडीसी, वटवा, अहमदाबाद, गुजरात में स्थित हैं। कंपनी यूनिट 1 में एसएस फिनिशिंग शीट, एसएस वॉशर और एसएस सोलर माउंटिंग हुक और यूनिट 2 में एसएस पाइप और ट्यूब बनाती है। यूनिट 3 और यूनिट 4 बैकवर्ड इंटीग्रेशन प्रक्रिया के लिए समर्पित हैं। यूनिट 3 में पिघले हुए स्टील स्क्रैप को स्टील सिल्लियों में बदल दिया जाता है और यूनिट 4 रोलिंग इकाई है जहां फ्लैट सिल्लियों को आगे संसाधित करके उन्हें एसएस शीट में बदल दिया जाता है जो एसएस वॉशर के लिए कच्चा माल है।

कंपनी उत्पाद श्रृंखला में सर्क्लिप्स जोड़कर एसएस वॉशर के अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करने का इरादा रखती है। कंपनी वर्तमान में एसएस वॉशर के 2,500 से अधिक एसकेयू प्रदान करती है जिसमें इनर रिंग वॉशर, स्प्रिंग वॉशर, नॉर्ड लॉक वॉशर, रिटेनिंग रिंग, आंतरिक टूथ वॉशर और विभिन्न आकार, विशिष्टताओं व प्रकार के बाहरी टूथ वॉशर शामिल हैं। इसके लिए कंपनी ने जीआईडीसी से 99 साल की लीज पर यूनिट 1 के पास ई-78, जीआईडीसी इंडस्ट्रियल एस्टेट, सावली, वडोदरा, गुजरात स्थित जमीन भी ले ली है। कंपनी अपने उत्पादों को निर्यात भी करती है और निर्यात से कंपनी को अच्छा राजस्व हासिल होता है। वित्त वर्ष 2023 में कंपनी ने 92.19 करोड़ रुपए का राजस्व निर्यात से हासिल किया है।

कंपनी का वित्तीय प्रदर्शन: वित्त वर्ष 2021 में कंपनी ने 364.05 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 5.46 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ, वित्त वर्ष 2022 में कंपनी ने 428.47 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 9.48 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ और वित्त वर्ष 2023 में कंपनी ने 481.14 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 25.04 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वित्तीय परिणामों से स्पष्ट है कि वर्ष दर वर्ष कंपनी की बिक्री और लाभ बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2023 में कंपनी ने 7.26 रुपए का ईपीएस अर्जित किया है। उक्त अवधि में कंपनी का रिटर्न ऑन नेटवर्थ 29.12 फीसदी और रिटन ऑन कैपिटल एंप्लॉयड 12.62 फीसदी रहा है। वित्त वर्ष 2023 के अंत तक कंपनी की असेट्स 389.05 करोड रुपए, नेटवर्थ 106.05 करोड़ रुपए और रिजर्व एवं सरप्लस 71.16 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। उक्त अवधि तक कंपनी पर 229.99 करोड़ रुपए का कर्ज था। आईपीओ से प्राप्त पूंजी से कंपनी पर कर्ज बोझ कम होगा और कंपनी की बॉटम लाइन में सुधार देखा जा सकता है।

आईपीओ के संबंध में जानकारी: 'रत्नावीर प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड' का आईपीओ बीएसई और एनएसई मैनबोर्ड पर 4 सितंबर को खुलकर 6 सितंबर 2023 को बंद होगा। कंपनी द्वारा आईपीओ के तहत 10 रुपए फेसवैल्यू के 16,840,000 शेयर जारी किए जाएंगे। इनमें से 13,800,000 फ्रेश इक्विटी शेयरों की बिक्री की जाएगी। जबकि कंपनी के शेयरधारकों द्वारा 3,040,000 शेयरों की बिक्री की जाएगी। आईपीओ की प्राइस और लोट साइज बुक रनिंग लीड मैनेजर की सलाह के अनुसार घोषित किए जाएंगे। कंपनी के आईपीओ का प्रबंध प्रमुख लीड मैनेजर कंपनी यूनिस्टोन कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

IPO Date	Sep 4, 2023 to Sep 6, 2023
Listing Date	[.]
Face Value	₹10 per share
Price	[.] to [.] per share
Lot Size	
Total Issue Size	16,840,000 shares (aggregating up to ₹[.] Cr)
Fresh Issue	13,800,000 shares (aggregating up to ₹[.] Cr)
Offer for Sale	3,040,000 shares of ₹10 (aggregating up to ₹[.] Cr)
Issue Type	Book Built Issue IPO
Listing At	BSE, NSE
Share holding pre issue	34,699,040
Share holding post issue	48,499,040

नोट: आईपीओ में निवेश करने से पूर्व पंजीकृत निवेश सलाहकारों की सलाह लें। यह लेख निवेश सलाह नहीं है।